Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 30

**SS–14–Geog.**

No. of Printed Pages – 07+World Map+India Map

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2016

# SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2016

## भूगोल

## GEOGRAPHY

**समय** : 3¼ **घण्टे**

**पूर्णांक** : 56

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।
Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) सभी प्रश्न करना अनिवार्य है ।
All the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।
Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।
For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को सही मानें ।
If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper the question of Hindi version should be treated valid.

Tear Here

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

यहाँ से काटिए

6)

| खण्ड | प्रश्न संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न | उत्तर की शब्द सीमा |
|---|---|---|---|
| अ | 1-13 | 1 | 20 शब्द |
| ब | 14-22 | 2 | 60 शब्द |
| स | 25-27 | 3 | 100 शब्द |
| द | 28-30 | 4 | 250 शब्द |
| Section | Q. Nos. | Marks per question | Word limit of answer |
| A | 1-13 | 1 | 20 words |
| B | 14-22 | 2 | 60 words |
| C | 25-27 | 3 | 100 words |
| D | 28-30 | 4 | 250 words |

7) प्रश्न क्रमांक 23 और 24 मानचित्र कार्य से संबंधित हैं और प्रत्येक 2 अंक का है ।

Question Nos. 23 and 24 are related to map-work carrying 2 marks each.

8) विश्व व भारत के उपलब्ध कराए गए रेखा मानचित्रों को उत्तर पुस्तिका के साथ नत्थी करें ।

Attach outline maps of World and India with the answer-book.

9) प्रश्न क्रमांक 29 और 30 में आंतरिक विकल्प हैं ।

There are internal choices in Question Nos. 29 and 30.

## खण्ड – अ

## SECTION - A

**1)** ''मानव भूगोल अस्थिर पृथ्वी और क्रियाशील मानव के बीच परिवर्तनशील सम्बन्धों का अध्ययन है ।'' मानव भूगोल को इस प्रकार परिभाषित करने वाला भूगोलवेत्ता कौन है ? **[1]**

Which geographer defined human geography as the study of "the changing relationship between the unresting man and the unstable earth."

**2)** जनसंख्या घनत्व से क्या आशय है ? **[1]**

What is meant by population density?

**3)** मानक जनगणना परिभाषा के अनुसार मुख्य श्रमिक और सीमान्त श्रमिक के वर्गीकरण का आधार क्या है ? **[1]**

What is the basis of classification of main and marginal worker according to standard census definition?

**4)** नियोजन के उपगमनों के नाम लिखिए । **[½+½=1]**

Name the approaches of planning.

**5)** विश्व व्यापार की कुल मात्रा में भारत की भागीदारी कितने प्रतिशत है ? **[1]**

What percentage does India contribute in the total volume of world trade?

**6)** भूमध्य सागरीय प्रदेश इतिहास के आरम्भिक कालों से क्यों बसे हुए हैं ? **[1]**

Why are mediterranean regions inhabited from early periods of history?

**7)** परिवहन जाल क्या होता है ? **[1]**

What is Transport Network?

**8)** 1991 की भारतीय जनगणना के अनुसार नगरीय बस्ती के लिए वांछित न्यूनतम जनसंख्या घनत्व कितना है ? **[1]**

What is the minimum density of population required for an urban settlement according to 1991 census of India?

**9)** विश्व के सुदूर प्रदेश में रह रहे अपने रिश्तेदार से तत्काल सम्पर्क हेतु साधन सुझाइए । **[1]**

Suggest a source of immediate connectivity with a relative living in a distant region of the world.

**10)** नगरीय क्षेत्र में सड़क तंत्र पर यातायात संकुलता की समस्या के कोई दो कारण लिखिए । **[½+½=1]**

Write any two reasons for the problem of traffic congestion on road network in an urban area.

**11)** रैखिक प्रतिरूप की बस्तियों के अवलोकनार्थ आप कौनसे भूदृश्यों का चयन करेंगे ? (कोई दो) **[½+½=1]**

Which landforms will you select to see the linear pattern of settlement? (any two)

12) यदि भारत में महिला शिक्षा शत प्रतिशत हो जाये तो जनसंख्या वृद्धिदर पर क्या प्रभाव पड़ने की सम्भावना है ? [1]

What effect is expected in the growth rate of population if female literacy in India increases to cent percent?

13) मध्य भारत के बुन्देलखण्ड प्रदेश में यात्रा के दौरान आप किस प्रकार की ग्रामीण बस्तियों का अवलोकन करेंगे ? [1]

Which type of rural settlements will you see during travelling through Bundelkhand Pradesh of central India?

## खण्ड – ब

## SECTION - B

14) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की 'नगर रणनीति' की कोई चार प्राथमिकताएँ लिखिए । [½+½+½+½=2]

Write any four priorities of 'urban strategy' of United nations Development programme.

15) भारत में लैगून और पश्चजल कहाँ पाये जाते हैं ? इनके कोई दो उपयोग लिखिए । [1+1=2]

Where are lagoons and backwaters found in India? Write their two uses.

16) नगरीय गन्दी बस्तियों की कोई चार समस्याएँ लिखिए । [½+½+½+½=2]

Write any four problems of urban slums.

17) उत्पादन की तकनीक और निर्माण स्थल के आधार पर कुटीर एवं छोटे पैमाने के उद्योग की तुलना कीजिए । [1+1=2]

Compare the small scale and cottage industries on the basis of production techniques and place of manufacturing.

**18)** निम्नलिखित साक्षरता दर वर्ष 2001 को राज्यों से सुमेलित कीजिए – **[½+½+½+½=2]**

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | 47.53 | a) | राजस्थान |
| ii) | 54.46 | b) | केरल |
| iii) | 90.92 | c) | जम्मू और कश्मीर |
| iv) | 61.03 | d) | बिहार |

Match the following literacy rates of year 2001, with the states -

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | 47.53 | a) | Rajasthan |
| ii) | 54.46 | b) | Kerala |
| iii) | 90.92 | c) | Jammu and Kashmir |
| iv) | 61.03 | d) | Bihar |

**19)** आधुनिक जीवन शैली ध्वनि प्रदूषण हेतु उत्तरदायी है । समझाइए । **[2]**

Modern life-style is responsible for noise Pollution Explain.

**20)** 'A' प्रदेश का क्षेत्रफल 530 वर्ग किलोमीटर व जनसंख्या 85860 व्यक्ति है । उस प्रदेश का जनघनत्व अवकलित कीजिए । **[2]**

Area of a region 'A' is 530 square kilometres and population 85860. Calculate its population density.

**21)** संयुक्त राज्य अमेरिका के उत्तरी पूर्वी भाग में अधिक मुद्रा प्राप्त करने के लिए किस प्रकार की कृषि सर्वाधिक उपयुक्त है ? इस कृषि की कोई दो विशेषताएँ लिखिए । **[1+½+½=2]**

Which type of agriculture is most suitable for high value crops in north-eastern United states of America? Write any two characteristics of this type of agriculture.

**22)** इन्दिरा गांधी नहर कमान क्षेत्र में सतत् पोषणीय विकास को बढ़ावा देने हेतु कोई चार उपाय सुझाइए । **[½+½+½+½=2]**

Suggest any four measures for the promotion of sustainable development in Indira Gandhi canal command area.

**23)** दिये गये विश्व के रूपरेखा मानचित्र में निम्नलिखित हवाई पत्तनों को दर्शाइए – **[½+½+½+½=2]**

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | लन्दन, | ii) | मुम्बई, |
| iii) | न्यूयॉर्क, व | iv) | मॉस्को |

Show the following air-ports in the outline map of the world provided to you -

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | London | ii) | Mumbai |
| iii) | New york, and | iv) | Moscow |

**24)** दिये गये भारत के रूपरेखा मानचित्र में निम्नांकित सूती वस्त्र उद्योग केन्द्रों को दर्शाइए – **[½+½+½+½=2]**

i) मुम्बई, ii) दिल्ली,
iii) कोलकाता, व iv) चेन्नई

Locate the following cotton textile centres in the outline map of India provided to you -

i) Mumbai, ii) Delhi,
iii) Kolkata, and iv) Chennai

## खण्ड – स

## SECTION - C

**25)** साइबर स्पेस की उपयोगिता समझाइए । **[3]**
Explain the utility of syber-space.

**26)** अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से क्या आशय है ? इसके प्रकारों का वर्णन कीजिए । **[1+2=3]**
What is meant by International trade? Describe its types.

**27)** ग्रामीण और नगरीय बस्तियों में आधारभूत अन्तर स्पष्ट कीजिए । **[1+1+1=3]**
Explain the fundamental differences between rural and urban Settlements.

## खण्ड – द

## SECTION - D

**28)** संचार से क्या आशय है ? जनसंचार तंत्र के साधनों का वर्णन कीजिए । **[1+1+1+1=4]**
What is meant by communication? Describe the means of mass-communication.

**29)** उद्योगों की स्थिति को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार कारकों को समझाइए । **[1+1+1+1=4]**

अथवा

ऊर्जा के किन्हीं चार नवीकरण योग्य स्त्रोतों को विस्तार से समझाइए । **[1+1+1+1=4]**

Explain any four factors influencing the location of industries.

OR

Explain any four renewable sources of energy in detail.

30) पशुचारण का अर्थ समझाइए तथा चलवासी पशुचारण व वाणिज्य पशुपालन की तुलना निम्न शीर्षकों के अन्तर्गत कीजिए – [1+1+1+1=4]

i) क्षेत्र

ii) प्रक्रिया, व

iii) पालतू पशु

अथवा

कृषि का अर्थ समझाइए तथा गहन निर्वाह कृषि व विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि की तुलना निम्न शीर्षकों के अन्तर्गत कीजिए – [1+1+1+1=4]

i) क्षेत्र

ii) विधि/प्रक्रिया

iii) उपजें

Explain the meaning of pastoralism and compare nomadic herding and commercial livestock rearing under the following heads :-

i) Area

ii) Process and

iii) Domestic animals

OR

Explain the meaning of agriculture and compare intensive subsistence agriculture and extensive commercial grain cultivation under the following Heads :-

i) Area,

ii) Methods / process and

iii) Crops

⌘⌘⌘

DO NOT WRITE ANYTHING HERE

Sl.No. :

नामांक Roll No.


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**SS-14-Geog.**

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2016

## SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2016

## Subject : GEOGRAPHY



Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**SS–14–Geog.**

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2016

## SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2016

## Subject : GEOGRAPHY

